AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

लविवि : फाइनल ईयर की परीक्षा 2 अगस्त से

विश्वविद्यालय प्रशासन ने जारी किया विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम, 12 अगस्त तक चलेगी एमसीक्यू पर आधारित ऑफलाइन परीक्षा

माई सिटी रिपोर्टर

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय व सहयुक्त महाविद्यालय की स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षाएं 2 से 12 अगस्त के बीच आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने शनिवार को विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया, जो विवि की वेबसाइट lkouniv.ac.in पर भी उपलब्ध है। परीक्षा में लगभग 40 हजार विद्यार्थी शामिल होंगे।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि विद्यार्थी अपडेट जानकारी के लिए विवि की वेबसाइट देखते रहें। पीजी व वार्षिक प्रणाली पर आधारित परीक्षा का कार्यक्रम भी जल्द जारी किया जाएगा। बता दें कि हाल में शासन के निर्देश पर विवि प्रशासन ने सिर्फ फाइनल ईयर के स्टूडेंट्स की परीक्षा कराने और बाकी को प्रमोट करने का निर्णय लिया है। परीक्षा ऑफलाइन और एमसीक्यू बेस्ड होगी। पेपर भी मर्ज किए गए हैं। समय और सवाल भी कम किए गए हैं।

बीए परीक्षा कार्यक्रम

(समय : सुबह 8 से 11 बजे, पेपर : पहला, दूसरा, तीसरा)

- 02 अगस्त : फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत
- 03 अगस्त : एजुकेशन, साइकोलॉजी
- 04 अगस्त- एआईएच, एमआईएच, एशियन कल्चर, अरब कल्चर, अरेबिक
- 05 अगस्त- डिफेंस स्टडीज, राजनीति विज्ञान, टीटीएम, पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन
- 06 अगस्त- फिलॉसफी
- 07 अगस्त- इंग्लिश, फंक्शनल इंग्लिश
- 09 अगस्त- हिंदी, फंक्शनल हिंदी
- 10 अगस्त- अर्थशास्त्र, ज्योतिर्विज्ञान, लिंग्विस्टिक, पर्सियन
- 11 अगस्त- सोशल वर्क, सोशियोलॉजी
- 12 अगस्त- भूगोल, होम साइंस, शारीरिक शिक्षा

बीएससी (समय : दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक)

- 02 अगस्त : जूलॉजी, जियोलॉजी (पहला, दूसरा, तीसरा पेपर)
- 04 अगस्त : मैथमेटिक्स (पहला, दूसरा पेपर)
- 06 अगस्त : मैथमेटिक्स (तीसरा, चौथा पेपर)
- 09 अगस्त : स्टैटिसटिक्स, केमेस्ट्री (पहला, दूसरा, तीसरा पेपर)
- 10 अगस्त : बॉटनी, एस्ट्रोनॉमी, कम्प्यूटर साइंस (पहला, दूसरा, तीसरा पेपर)
- 11 अगस्त : फिजिक्स, जेनेटिक्स एंड जेनोमिक्स (पहला, दूसरा, तीसरा पेपर)
- 12 अगस्त : एंथ्रोपोलॉजी (पहला, दूसरा, तीसरा पेपर)

बीकॉम (समय : दोपहर 2 बजे से 4 बजे तक)

- 03 अगस्त : इनकम टैक्स लॉ एंड एकाउंट्स पहला पेपर, प्रिंसिपल एंड प्रैक्टिस ऑफ इंश्योरेंस दूसरा पेपर
- 05 अगस्त : एप्लाइड एंड बिजनेस स्टैटिसटिक्स तीसरा पेपर, इकोनॉमिक्स ऑफ पब्लिक इंटरप्राइजेज चौथा पेपर
- 07 अगस्त : कंपनी लॉ एंड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस पांचवां पेपर, फंडामेंटल ऑफ एंटरप्रेन्योरशिप एंड प्रोजेक्ट प्लानिंग छठा पेपर

10 जुलाई तक भरने होंगे परीक्षा फॉर्म

लखनऊ। परीक्षा कार्यक्रम जारी करने के साथ ही लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विवि व सहयुक्त महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के लिए परीक्षा फॉर्म भी खोल दिए। परीक्षा नियंत्रक प्रो. सक्सेना ने बताया कि सभी विद्यार्थियों (जो प्रमोट होंगे, उनको भी) परीक्षा फॉर्म भरना होगा। उन्होंने बताया कि स्नातक सम सेमेस्टर कक्षाओं व अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के नियमित/बैक पेपर एवं एग्जम्पटेड परीक्षा सेमेस्टर मई-जून-2021 एवं बीईएलएड की परीक्षाओं के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है।

यूजी में शुरू होगा दार्शनिक परामर्श पाठ्यक्रम

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय का दर्शनशास्त्र विभाग नए सत्र से यूजी में दार्शनिक परामर्श का पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है। यह उत्तर भारत का पहला परामर्श कोर्स होगा। यह ऐसे प्रशिक्षित युवा तैयार करेगा, जो संस्थाओं के अतिरिक्त बच्चों एवं युवाओं को नैतिक व दार्शनिक परामर्श देने में समर्थ होंगे। विवि प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि इस तरह की काउंसिलिंग की जरूरत बड़े व्यापारिक संस्थाओं, बहुराष्ट्रीय कंपनियों आदि में काफी पड़ती है, जहां अलग-अलग क्षेत्र, विचारधारा के लोग साथ काम करते हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के सहयोग से कोर्स की भूमिका बनाई गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

NBT PAGE 4

एलयू प्रशासन ने आखिरी सेमेस्टर की परीक्षाओं के लिए जारी किया शेड्यूल

सुबह की पाली में बीए तो शाम की पाली में होंगे बीकॉम और बीएससी के पेपर

यूजी की परीक्षा 2 अगस्त से

■ एनबीटी, लखनऊ

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने शनिवार को ग्रेजुएशन के आखिरी सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया। इसके अनुसार, एलयू में 2 अगस्त से 12 अगस्त तक दो पालियों में यूजी के आखिरी सेमेस्टर की परीक्षाएं चलेंगी। बीए अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं सुबह 8 से 11 बजे तक और बीकॉम व बीएससी के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं शाम की पालियों में दोपहर 2 बजे से होंगी।

वेबसाइट पर पूरा शेड्यूल

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि यूजी की सभी परीक्षाओं में बहुविकल्पीय बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। छात्र एलयू की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर परीक्षा का पूरा शेड्यूल देख सकते हैं।

एमबीए, बीबीए में पूछे जाएंगे 35 सवाल

एलयू ने शनिवार को एमबीए, बीबीए और एमबीए (आईएमएस) की सेमेस्टर परीक्षाओं का भी पेपर पैटर्न जारी कर दिया है। इसके मुताबिक, बीबीए के प्रश्न पत्र में 70 सवाल पूछे जाएंगे। छात्रों को इनमें 35 सवालों के जवाब देने होंगे। हर सवाल के 2 अंक होंगे और पेपर हल करने के लिए 1 घंटे का समय मिलेगा। यही पैटर्न एमबीए और एमबीए (आईएमएस) में भी लागू किया गया है।

ऐसे होगी परीक्षा

बीकॉम: छठे सेमेस्टर की परीक्षाएं 3 से 7 अगस्त तक चलेंगी। एक दिन में दो पेपर होंगे और विद्यार्थियों को 2 घंटे का समय दिया जाएगा।

बीए: छठे सेमेस्टर की परीक्षा 2 अगस्त से 12 अगस्त तक चलेगी। एक दिन में तीन पेपर होंगे।

बीएससी: छठें सेमेस्टर की परीक्षा भी 2 अगस्त से 12 अगस्त तक चलेगी। छात्रों को बीच में एक-एक दिन का समय दिया जाएगा।

10 जुलाई तक भर सकेंगे ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म

लखनऊ विश्वविद्यालय और सहयुक्त महाविद्यालय के विद्यार्थी यूजी, पीजी और विधि के सम सेमेस्टर परीक्षाओं के परीक्षा फॉर्म 10 जुलाई तक विवि की वेबसाइट www.examlucknline.in और www.lkouniv.ac.in पर ऑनलाइन भर सकते हैं। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि इम्प्रूवमेंट की परीक्षा के लिए केवल अंतिम वर्ष/सेमेस्टर के अर्ह छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरना है। जिन कक्षाओं में विद्यार्थियों को प्रोन्नति किया जाना है, उनका इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जाएगा। ऐसे विद्यार्थियों के लिए कोविड-19 की परिस्थितियां सामान्य होने पर परीक्षाएं करवाई जाएंगी।

बैक पेपर, एग्जेम्पटेड परीक्षा में भी प्रमोट होंगे

परीक्षा नियंत्रक एएम सक्सेना ने बताया कि स्नातक वार्षिक परीक्षा प्रणाली के साल 2021 की परीक्षाओं में पहले और दूसरे वर्ष की परीक्षा में शामिल हुए अर्ह छात्रों को बैक पेपर या एग्जेम्पटेड परीक्षा में प्रमोट किया जाएगा। केवल अंतिम वर्ष के छात्र छात्राओं को एमसीक्यू प्रणाली पर आधारित परीक्षा देनी होगी। स्नातक और परास्नातक प्रथम सेमेस्टर दिसंबर 2020 और द्वितीय सेमेस्टर 2021 की परीक्षा के बैक पेपर/एग्जेम्पटेड छात्रों को भी प्रमोट किया जाएगा।

फार्मेसी की पढ़ाई के लिए पीसीआई की मंजूरी मिली

■ एनबीटी, लखनऊ: फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (पीसीआई) नई दिल्ली ने लखनऊ विश्वविद्यालय में फार्माकोलॉजी और फार्मास्यूटिकल साइंसेज की पढ़ाई करवाने की अनुमति दे दी है। इस संदर्भ में कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय को इंडियन फार्मास्यूटिकल असोसिएशन के यूपी स्टेट ब्रांच के सचिव आरए गुप्ता ने बधाई दी।

कुलपति ने बताया कि नए इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में दो स्व-वित्तीय पाठ्यक्रम 100 सीटों के साथ फार्मेसी (बीफार्मा) में स्नातक और 60 सीटों के साथ फार्मेसी में डिप्लोमा (डीफार्मा) का प्रस्ताव रखा गया है। पीसीआई से मिली अनुमति के बाद उम्मीद है कि 2021-22 के शैक्षणिक सत्र में ही इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में इन दो पाठ्यक्रमों पर भर्ती शुरू कर दी जाएगी।

दार्शनिक परामर्श देना भी सिखाएगा एलयू

■ एनबीटी, लखनऊ: लखनऊ यूनिवर्सिटी का दर्शनशास्त्र विभाग ग्रेजुएशन स्तर पर नए कोर्स की शुरुआत करने जा रहा है। फिलॉसफिकल काउंसिलिंग के जरिए एलयू विद्यार्थियों को संस्थाओं के अतिरिक्त बच्चों और युवाओं को नैतिक और दार्शनिक परामर्श देने के लिए तैयार करेगा।



एलयू प्रवक्ता डॉ. दुर्गेश कुमार ने बताया कि मौजूदा समय में मूल्यांकन और नैतिक समस्याओं के समाधान के लिए व्यापारिक संस्थाओं व बहुराष्ट्रीय कंपनियों और व्यक्तियों को इस तरह के परामर्श की सबसे अधिक जरूरत है। दर्शन विभाग ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष प्रफेसर बाल गणपति के साथ मिलकर कोर्स की भूमिका तैयार कर ली है। विभाग इस वर्ष शिक्षा दर्शन का भी विकल्प दे रहा है।

HINDUSTAN PAGE 6

केवल अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा होगी, परीक्षा फार्म भरना सबके लिए अनिवार्य

स्नातक की परीक्षा दो अगस्त से

लखनऊ विवि

लखनऊ | संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्नातक पाठ्यक्रमों के अंतिम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम घोषित कर दिया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार परीक्षाएं दो अगस्त से दो पाली में होंगी। बीएससी को छोड़कर अन्य दोनों पाठ्यक्रमों की परीक्षा दो घंटे की होगी। बीएससी में तीन पेपर एक साथ होने की वजह से उनकी परीक्षा तीन घंटे की रखी गई है। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे।

परीक्षा नियंत्रक के प्रोफेसर एएम सक्सेना के अनुसार बीए छठे सेमेस्टर की परीक्षा दो, तीन, चार, पांच, छह, सात, नौ, 10, 11 व 12 अगस्त को होगी। सभी परीक्षाएं सुबह 8:00 से 11:00 के बीच होंगी।

बीएससी छठे सेमेस्टर की परीक्षा दो अगस्त से शुरू होकर चार, छह, नौ, 10 और 12 अगस्त तक चलेंगी। बीएससी छठे सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं दूसरी पाली में 2:00 बजे से 5:00 बजे तक होंगी।

बीकॉम छठे सेमेस्टर की परीक्षा तीन अगस्त को प्रारंभ होगी। फिर पांच और सात अगस्त को होगी। छठे सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं दूसरी पाली में दोपहर 2:00 से 4:00 के बीच होंगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम लखनऊ विश्वविद्यालय की अधिकृत वेबसाइट पर उपलब्ध है।

विश्वविद्यालयों ने शासन को भेजा परीक्षा कार्यक्रम

प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालयों ने परीक्षाओं से संबंधित सूचना शासन के उच्च शिक्षा विभाग को भेज दी। ज्यादातर ने अगस्त में परीक्षाएं करा लेने का वायदा किया है। शासन ने राज्य विश्वविद्यालयों से अंतिम वर्ष व अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 अगस्त तक कराने का निर्देश देते हुए विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में सूचना मांगी थी। 16 विश्वविद्यालयों में अकेले दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विवि ने परीक्षा तिथि तय नहीं की है।

अंतिम तिथि

10 जुलाई तक भरें परीक्षा फार्म

लखनऊ | संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक स्नातकोत्तर और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में परीक्षा फार्म भरने की अंतिम तिथि 10 जुलाई है। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर एएम सक्सेना के अनुसार परीक्षा केवल अंतिम सेमेस्टर की होगी।

अन्य सेमेस्टर के विद्यार्थियों को प्रमोट किया जाएगा लेकिन परीक्षा फार्म सभी सेमेस्टर के विद्यार्थियों को भरना होगा। परीक्षा नियंत्रक के अनुसार नियमित बैक पेपर एवं एक्जेम्प्टेड परीक्षा सेमेस्टर मई-जून 2021 एवं बी एल एड 2021 के ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भी भरे जा सकते हैं।

इंप्रूवमेंट की परीक्षा के लिए केवल अंतिम वर्ष या सेमेस्टर के छात्रों को परीक्षा फॉर्म भरना है क्योंकि विश्वविद्यालय द्वारा केवल अंतिम वर्ष या सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जानी हैं। इसलिए जिन कक्षाओं में छात्रों को प्रोन्नत किया जाना है उनके छात्रों का इंप्रूवमेंट परीक्षा फॉर्म नहीं भरा जाएगा। ऐसे छात्रों की परीक्षाएं परिस्थितियां समान होने पर आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के नियमित छात्रों को परीक्षा शुल्क नहीं जमा करना है केवल ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर शुल्क रसीद के साथ संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में ई-मेल अथवा ऑफलाइन जमा करना है। वहीं बैक पेपर इंप्रूवमेंट और एक्जेम्प्टेड छात्रों को ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरकर परीक्षा शुल्क ऑनलाइन जमा करके संबंधित विभागाध्यक्ष कार्यालय में ई-मेल या ऑफलाइन जमा करना है। जानकारी के अनुसार महाविद्यालयों के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन भरे गए परीक्षा फॉर्म का प्रिंट आउट विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है।

JAGRAN CITY PAGE I

दो अगस्त से होंगी स्नातक की परीक्षाएं

लविवि : बीए, बीएससी और बीकाम अंतिम सेमेस्टर के विद्यार्थी होंगे शामिल

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय दो से 12 अगस्त तक स्नातक अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित करेगा।

शनिवार को परीक्षाओं का विस्तृत कार्यक्रम विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दिया गया। बीए की परीक्षाएं सुबह आठ से 11 बजे तक, बीएससी की परीक्षाएं दोपहर दो से शाम पांच बजे तक होंगी। वहीं, बीकाम की परीक्षाओं के लिए दोपहर दो से शाम चार बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

बीबीए, एमबीए अंतिम वर्ष की भी होंगी परीक्षाएं: लखनऊ विश्वविद्यालय ने बीबीए और एमबीए की वार्षिक परीक्षा कराने का निर्णय लिया है। परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न पूछे जाएंगे। शनिवार को परीक्षा विभाग ने विस्तृत विवरण जारी कर दिया।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि बीबीए, एमबीए और एमबीए (आइएमएस) अंतिम सेमेस्टर में प्रत्येक पेपर में 70-70 प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न के दो अंक निर्धारित किए गए हैं। परीक्षा का समय एक घंटा होगा। परीक्षार्थियों को कोरोना नियमों का पालन करना होगा।

बीकाम की परीक्षा का समय दोपहर 2 से 4 बजे तक

बीए छठा सेमेस्टर

तिथि	विषय	पेपर
2 अगस्त	फ्रेंच/फंक्शनल संस्कृत/उर्दू/संस्कृत	1, 2, 3
3 अगस्त	एजुकेशन/साइकोलाजी	1, 2, 3
4 अगस्त	एआइएच/एमआइएच/एशियन कल्चर	1, 2, 3
4 अगस्त	अरब कल्चर/ अरेबिक	1, 2, 3
5 अगस्त	डिफेंस स्टडी/राजनीतिक/टीटीएम	1, 2, 3
5 अगस्त	पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन	1, 2, 3
6 अगस्त	फिलोसफी	1, 2, 3
7 अगस्त	इंग्लिश/फंक्शनल इंग्लिश	1, 2, 3
9 अगस्त	हिन्दी/फंक्शनल हिन्दी	1, 2, 3
10 अगस्त	इकोनामिक्स/ज्योतिर्विज्ञान/ लिंग्विस्टिक/पर्शियन	1, 2, 3
11 अगस्त	सोशल वर्क/सोशियोलाजी	1, 2, 3
12 अगस्त	जायकी/होम साइंस/ फिजिकल एजुकेशन	1, 2, 3

बीकाम छठा सेमेस्टर

तिथि	विषय	पेपर
3 अगस्त	इनकमटेक्स ला एंड एकाउंट्स	1
3 अगस्त	प्रिंसिपल एंड प्रैक्टिस ऑफ इंश्योरेंस	2
5 अगस्त	एप्लाइड एंड बिजनेस स्टैटिस्टिक	3
5 अगस्त	इंश्योनामिक्स आफ पब्लिक इंटरप्राइसेस	4
7 अगस्त	कंपनी ला एंड सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस	5
7 अगस्त	फंडामेंटल्स आफ इंटरप्रेन्योरशिप	6

बीएससी छठा सेमेस्टर

तिथि	विषय	पेपर
2 अगस्त	जुलाजी/जियोलाजी	1, 2, 3
4 अगस्त	बॉटनी/मैथ	1, 2, 3, 4
6 अगस्त	स्टैटिस्टिक्स/ केमेस्ट्री	1, 2, 3
9 अगस्त	बाटनी/एस्ट्रोनामी/ कम्प्यूटर साइंस	1, 2, 3
10 अगस्त	फिजिक्स/जेनेटिक एंडजेनेमिक्स	1, 2, 3
11 अगस्त	एंथ्रोपोलॉजी	1, 2, 3

नए सत्र से होगी बीफार्मा और डीफार्मा की पढ़ाई

लखनऊ विश्वविद्यालय में नए सत्र 2021-22 से इंस्टीट्यूट आफ फार्मास्यूटिकल साईसेज की शुरुआत हो जाएगी। इसके तहत सेल्फ फाइनेंस मोड पर फार्मेसी (बीफार्मा) और डीफार्मा की पढ़ाई होगी।

फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया की ओर से कोर्स चलाने की मंजूरी मिलने के बाद अब विश्वविद्यालय जल्द ही इनमें दाखिले की प्रक्रिया शुरू करेगा। इंडियन फार्मास्यूटिकल एसोसिएशन के यूपी स्टेट ब्रांच के सचिव आरए गुप्ता ने लखनऊ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय को पत्र भेजकर बधाई दी है। इंस्टीट्यूट के निदेशक प्रो. नवीन खरे ने बताया कि 100 सीटों के साथ फार्मेसी (बीफार्मा) में स्नातक और 60 सीटें डिप्लोमा (डीफार्मा) के लिए तय हुई हैं। बीफार्मा चार साल का होगा। इसकी फीस 60 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर होगी, जबकि डीफार्मा दो साल का वार्षिक कोर्स होगा। सालाना फीस 80 हजार रुपये तय की गई है।

बीफार्मा के दाखिले डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) की काउंसिलिंग से होंगे। जबकि डीफार्मा के प्रवेश लखनऊ विश्वविद्यालय स्वयं करेगा।

आनलाइन के लिए होगा हॉक मॉक टेस्ट

जागरण संवाददाता, लखनऊ : डा एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि (एकेटीयू) द्वारा आयोजित की जाने वाली सम सेमेस्टर की आनलाइन परीक्षा के लिए डेमो (मॉक टेस्ट) शुरू किया जाएगा। विवि के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राजीव कुमार ने बताया कि विवि द्वारा कोविड-19 महामारी को देखते हुए सत्र 2020-21 के सम सेमेस्टर की परीक्षाएं आनलाइन मोड में आयोजित की जाएंगी।

उन्होंने बताया कि आनलाइन परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। परीक्षा डेढ़ घंटे की आयोजित की जाएगी। इसमें विद्यार्थियों से 50 प्रश्न पूछे जाएंगे। निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। विद्यार्थियों को आनलाइन परीक्षाओं से अभ्यस्त करवाने के लिए विवि द्वारा ऑनलाइन मॉक टेस्ट शुरू किये जाएंगे।

तारीख बढ़ी: सत्र 2020-21 के सम सेमेस्टर के स्नातक एवं परास्नातक के रेगुलर तथा कैरी ओवर के परीक्षा फार्म की अंतिम तिथि को बढ़ा कर 28 जून, 2021 कर दिया गया है।

10 जुलाई तक भरे जाएंगे सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म

जागरण संवाददाता, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्नातक सम सेमेस्टर एवं पीजी पाठ्यक्रमों के नियमित, बैक पेपर एवं इक्जेम्प्टेड सेमेस्टर परीक्षाओं (मई-जून 2021) के फार्म भरने की तिथि तय कर दी है। छात्र-छात्राएं वेबसाइट www.examlucknline.in ß www.lkouniv.ac.in पर 10 जुलाई तक फार्म भर सकते हैं।

विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो. एएम सक्सेना ने बताया कि स्नातक सम सेमेस्टर बीए, बीएससी, बीकाम (द्वितीय, चतुर्थ, छठे सेमेस्टर), पीजी, प्रबंधकीय पीजी, पीजी डिप्लोमा, प्रबंधकीय यूजी, विधि (त्रिवर्षीय, आनर्स), डिप्लोमा, बीकाम आनर्स, बीसीए, एमसीए, बीएससी एवं एमएससी एग्रीकल्चर, बीएड एमएड, बीपीएड, एमपीएड, ललित कला संकाय एवं अन्य सेमेस्टर पाठ्यक्रमों के नियमित, बैक पेपर व इक्जेम्प्टेड परीक्षा सेमेस्टर (मई-जून 2021) के छात्र फार्म भर सकते हैं।

इम्प्रूवमेंट के लिए अंतिम सेमेस्टर के छात्रों को मौका: विश्वविद्यालय ने इम्प्रूवमेंट की परीक्षा के लिए केवल अंतिम वर्ष एवं सेमेस्टर के छात्रों को परीक्षाफार्म भरने का मौका दिया है। जिन कक्षाओं में छात्रों को प्रोन्नत किया जाना है, उनके छात्रों को इम्प्रूवमेंट परीक्षा फार्म नहीं भरना है। ऐसे छात्रों को कोविड-19 की परिस्थितियां सामान्य होने पर परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

13 जुलाई तक कालेजों को जमा करने होंगे फार्म

संकायाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्षों को आनलाइन भरे हुए परीक्षा फार्म लॉगिन के माध्यम से 13 जुलाई तक अग्रसारित करते हुए सूची अनिवार्य रूप से परीक्षा विभाग में उपलब्ध करानी होगी। वहीं, कालेजों को भी 13 जुलाई तक फार्म जमा करने का मौका दिया गया है।

एमबीए और बीबीए का परीक्षा पैटर्न जारी छात्रों को 35 सवालों के जवाब देने होंगे

लखनऊ | संवाददाता

लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से एमबीए, बीबीए और एमबीए (आईएमएस) की सेमेस्टर परीक्षाओं का पेपर पैटर्न शनिवार को जारी कर दिया गया है।

इन विषयों की अंतिम सेमेस्टर की परीक्षाएं होंगी। पिछले दिनों विवि प्रशासन की ओर से कला, वाणिज्य, विधि, विज्ञान, इंजीनियरिंग एवं ललित कला संकाय की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं का परीक्षा पैटर्न जारी किया गया था। एमबीए और बीबीए के बारे में स्थिति स्पष्ट न किए जाने की वजह से छात्रों में असमंजस की स्थिति बन गई थी। इसको देखते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से शनिवार को एमबीए और बीबीए पाठ्यक्रमों का परीक्षा पैटर्न भी जारी कर दिया गया है।

70 प्रश्न होंगे प्रश्न पत्र में, जवाब देने के लिए एक घंटे का समय होगा

पैटर्न के अनुसार बीबीए में प्रश्न पत्र में 70 सवाल पूछे जाएंगे। इनमें से 35 सवाल के जवाब छात्रों को देने होंगे। प्रत्येक सवाल के 2 अंक होंगे और पेपर हल करने के लिए 1 घंटे का समय मिलेगा। जानकारी के अनुसार यही पैटर्न एमबीए और एमबीए (आईएमएस) में भी लागू किया है।

विवि की ओर से बैक पेपर वालों को राहत

विश्वविद्यालय प्रशासन की तरफ से स्नातक वार्षिक परीक्षा प्रणाली के छात्र छात्राओं को भी प्रमोट करने का फैसला लिया गया है। परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर ए एम सक्सेना ने बताया कि स्नातक वार्षिक परीक्षा प्रणाली के वर्ष 2021 की परीक्षाओं में प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की परीक्षा में शामिल हुए अर्ह छात्रों को बैक पेपर की परीक्षा में प्रमोट किया जाएगा।

i-NEXT PAGE 5

2 अगस्त से होंगे ग्रेजुएशन के एग्जाम

लखनऊ यूनिवर्सिटी ने जारी किया एग्जाम का विस्तृत ब्योरा

lucknow@inext.co.in

LUCKNOW(19June): लखनऊ यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन के एग्जाम 2 अगस्त से 12 अगस्त के बीच कराएं जाएंगे. एग्जाम के विस्तृत रूपरेखा को यूनिवर्सिटी की बेवसाइट पर अपलोड कर दी गई है. बीए के एग्जाम सुबह आठ बजे से 11 बजे तक होगा जबकि बीएससी के एग्जाम दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक आयोजित किया जाएगा. जबकि बीकॉम के एग्जाम दोपहर दो बजे से शाम चार बजे के बीच लिया जाएगा.यूनिवर्सिटी ने यूजी इवन सेमेस्टर व पीजी सिलेबस के नियमित, बैक पेपर आदि के फार्म भरने का शेड्यूल फाइनल कर दिया है. इसके लिए यूनिवर्सिटी की बेवसाइट पर 10 जुलाई तक आवेदन किया जा सकेगा.

CONCEPT PIC

रेग्युलर को नहीं देनी है फीस

नियमित छात्रों को एग्जाम फीस नही जमा करना है केवल ऑनलाइन फार्म भरकर प्रवेश शुल्क रसीद के साथ सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/संकायाध्यक्ष कार्यालय में ई-मेल/अथवा आफलाइन माध्यम से जमा करना है. ● ऑनलाइन भरे गये फार्म का प्रिंट आउट विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क के साथ अपने महाविद्यालय में जमा करना है.

इंप्रूवमेंट के अंतिम वर्ष का भरा जाएगा फॉर्म

यूनिवर्सिटी ने स्पष्ट किया है कि जिन छात्रों का इंप्रूवमेंट देना है वे सिर्फ अंतिम सेमेस्टर के ही छात्र भरेंगे. क्योंकि केवल अन्तिम वर्ष/सेमेस्टर की परीक्षाएं आयोजित की जानी है. इसलिए जिन कक्षाओं में छात्रों को प्रोन्नति किया जाना है, उन छात्रों को इम्प्रूवमेन्ट एग्जाम का फार्म भरना है.

एलयू में बीएससी के एग्जाम दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे तक कराए जाएंगे.

एग्जाम शेड्यूल

बीए सिक्स सेमेस्टर

● 2 अगस्त- फ्रेंच, फंक्शनल संस्कृत, उर्दू, संस्कृत 1,2,3 ● 3 अगस्त- एजुकेशन, साइकोलाजी ● 4 अगस्त- एआइएच, एमआइएच, एशियन कल्चर, अरब कल्चर, अरेबिक 1,2,3 ● 5 अगस्त - डिफेंस, पॉलिटिकल साइंस, पब्लिक एड, टीटीएम 1,2,3 ● 6 अगस्त- दर्शन शास्त्र ● 7 अगस्त- अंग्रेजी ● 9 अगस्त- हिंदी ● 10 अगस्त- अर्थशास्त्र, ज्योतिर्विज्ञान, पर्शियन ● 11 अगस्त सोशल वर्क, होम साइंस ● 12 अगस्त- भूगोल

बीकॉम 6 सेमेस्टर

● 3 अगस्त- इनकम टैक्स लॉ ● प्रिंसिपल एंड प्रैक्टिस आफ इंश्योरेंस ● 5 अगस्त - बिजनेस स्टैटिक ● इकोनामिक्स पब्लिक इंटर प्राईजेज 7 अगस्त- कंपनी लॉ सेक्रेटरी

बीएससी 6 सेमेस्टर

● 3 अगस्त - जुलाजी जियोलाजी ● 4 अगस्त - मैथ ● 6 अगस्त - स्टैटिटिक्स केमेस्ट्री ● 9 अगस्त - बाटनी, एस्ट्रोनामी, कम्प्यूटर साईस ● 10 अगस्त - फिजिक्स, जेनेटिक्स ● 11 अगस्त -एंथ्रोपोलाजी

THE PIONEER PAGE 3

LU to establish Institute of Pharmaceutical Sciences

PNS ■ LUCKNOW

Lucknow University will establish Institute of Pharmaceutical Sciences soon and an official nod in this regard has been given by the Pharmacy Council of India.

The institute will have two self-financed courses, including Bachelors in Pharmacy with 100 seats and Diploma in Pharmacy with 60 seats.

LU spokesperson Durgesh Srivastava said after the clearance from PCI, it is expected that in the next academic year (2021-22), the institute would be open for admissions.

He said that in this context, Indian Pharmaceutical Association (UP branch) secretary RA Gupta has written a special letter to LU Vice-Chancellor Prof AK Rai to congratulate him on this step and decision to create train pharmaceutical manpower. He hopes that the new institute would have PG courses in pharmacy mainstream like Masters in Pharmaceutical, Medicinal Chemistry, Pharmacology etc. He also said that these highly qualified pharmacists would get employment in the state drug industry, drug medical device testing laboratories and pharmaceutical and research opportunities," Srivastava said.

Meanwhile, under the New Education Policy, the LU vice-chancellor has given a suggestion to the faculty members to make arrangements for the teaching work related to ancient Indian experts associated with the subject.

The vice-chancellor said that in every subject, one can find the experts of ancient India whose contributions have helped the subjects reach such great heights at this point of time. He cited the example of Aryabhatt in Mathematics, Bhakarcharya in Physics and Kautilya in Political Science.

He said that under the New Education Policy, along with global education, we need to also look towards history and culture and promote them and keeping this in mind the university has given these directions to all the departments that they should include lessons on these experts in the 4-year graduation course which will be implemented from the new session.

He further pointed out that LU has taken the lead in terms of implementation of the New Education Policy. The VC said that the university has not only implemented it in the PG courses in the choice-based credit system but also introduced value added courses.